☎ 2286710, 2286709

राज्य नगरीय विकास अभिकरण

नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

पत्रांकः– 117 /06/29/HFA-CLTC/2018–19 दिनांकः– 12 अप्रैल 2018

कार्य आवंटन आदेश

एतद्द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत शहर स्तर पर गठित सी0एल0टी0सी0 के विशेषज्ञों को निम्नानुसार कार्य आवंटित किया जाता है:–

1. HFAPoA कन्सलटेन्ट्स से प्रमाणीकरण पश्चात् डाटा डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स को उपलब्ध कराया जाना तथा अवशेष डाटा का तत्काल प्रमाणीकरण पूर्ण कराना।
2. प्रमाणीकरण पश्चात् प्राप्त डाटा की डीपीआर डीपीआर/पीएमसी कन्सलटेन्ट्स से बनवाते हुए परियोजना अधिकारी, डूडा को उपलब्ध कराया जाना तथा सूडा मुख्यालय/एसएलटीसी को अवगत कराना।
3. समय–समय पर प्रमाणीकरण पश्चात् तैयार डीपीआर के लाभार्थियों का रैण्डम वैरीफिकेशन करना।
4. लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया/विस्तार) घटक के लाभार्थियों द्वारा बनाये जा रहे आवासों की गुणवत्ता एवं कन्सलटेन्ट द्वारा उपलब्ध करायी गयी ड्राईंग्स के अनुसार आवास निर्माण कराया जाना सुनिश्चित करना।
5. लाभार्थी को धनराशि अवमुक्त करने से पूर्व समस्त प्रपत्रों की जाँच कर सत्यापित करना।
6. मुख्यालय द्वारा समय–समय पर माँगी जाने वाली सूचना को अविलम्ब प्रस्तुत करना।
7. प्लान ऑफ एक्शन एवं डी0पी0आर0 कन्सलटेन्ट द्वारा किये जाने वाले सभी कार्यों का अनुश्रवण करना एवं कार्य से सम्बन्धित किसी भी समस्या का शीघ्र निराकरण करना तथा निराकरण न होने की दशा में तत्काल मुख्यालय को अवगत कराना।
8. डी0पी0आर0 में स्वीकृत आगणन में दिए गए सभी सिविल एवं इलैक्ट्रिकल आइटम्स के आधार पर अनुपालन कराना।
9. भागीदारी में किफायती आवास (AHP) एवं स्वस्थाने स्लम पुनर्वास (ISSR) घटक के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले आवासों का भी समय–समय पर स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता को सुनिश्चित करना व रिपोर्ट कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर सूडा को प्रेषित करना।

क्रमशः........2 पर

10. उच्च अधिकारियों द्वारा समय–समय पर योजना से सम्बन्धित सौंपे गए समस्त कार्यों का सम्पादन करना।

11. प्रत्येक दशा में हर माह की 05 तारीख तक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना।

अतः उपरोक्तानुसार आवंटित कार्य का समयबद्ध रूप से सम्पादन करते हुए प्रत्येक दिवस प्रगति आख्या से परियोजना अधिकारी, डूडा को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करेगें।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक

प्रतिलिपिः–

1. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा, उत्तर प्रदेश।
3. सहा0 परियोजना अधिकारी/वेब मास्टर, सूडा, लखनऊ।
4. समस्त म्यूनिसिपल/सिविल इंजीनियर, सी0एल0टी0सी0 विशेषज्ञों को अनुपालनार्थ।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
निदेशक